मुफ्त अथवा रियायती लागत पर उपचार प्रदान किया जाता है जो रोगियों की वित्तीय स्थिति पर निर्भर करता है ।

करनाल, हरियाणा में तेलशोधक कारखाने की स्थापना

*13. **डा. जितेन्द्र कुमार जैन :**
श्री रणजीत सिंह :

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि करनाल हरियाणा में एक तेलशोधक कारखाने की स्थापना के बारे में अंतिम निर्णय ले लिया गया है ;

(ख) क्या यह सच है कि परियोजना को अंतिम रूप देने में असाधारण विलम्ब हुआ है ; यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ; और

(ग) इस तेलशोधक कारखाने का निर्माण कार्य कब तक पूरा हो जाने की संभावना है, परियोजना की अनुमानित लागत क्या है और इसके निर्माण की जिम्मेदारी किस संस्था को सौंपी गई है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी. शंकरानन्द) (क) से (ग) यह निर्णय लिया गया है कि करनाल रिफाइनरी की स्थापना इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन द्वारा की जाएगी और इसके क्रियान्वयन की कियाविधि तैयार की जा रही है ।

कश्मीरी आतंकवादियों के साथ बातचीत

*14. **श्री बेकल उत्साही :**
श्री मुरलीधर चन्द्रकांत भंडारे :

क्या **गृह** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इस वर्ष सितम्बर में घाटी की उनकी यात्रा के बाद उनके द्वारा की गयी बातचीत की पेशकश के उत्तर में जम्मू और कश्मीर के किसी आतंकवादी संगठन ने बातचीत करने की इच्छा का संकेत दिया है ; और

(ख) इस दिशा में और क्या कदम उठाये गये हैं ?

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम. एम. जैकब) : (क) और (ख) प्रमुख आतंकवादी गिरोहों ने राज्य में वर्तमान अशांत स्थिति के हल के लिए बातचीत के प्रस्ताव पर सार्थक प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की है ।

जम्मू और कश्मीर राज्य के राजनैतिक दलों के नेताओं और राजनीतिज्ञों की 13-11-91 को एक बैठक हुई, जिसमें राज्य के सभी गुमराह युवकों से हिंसा के स्व-पराजयता के रास्ते को छोड़ने और राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों में राजनैतिक मुख्य धारा में फिर से शामिल होने की अपील की गई ।

LTTE Menace to Tamil Nadu

*15. SHRI S. K. T. RAMACHANDRAN: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) what steps are being taken by Government to check the increasing menace of LTTE in Tamil Nadu;

(b) what measures are being taken by Government to tighten the Coastal Security and check the infiltration of LTTE into the country; and

(c) whether Government propose to support the Sri Lankan Govern. ment in eliminating the LTTE's activities of smuggling and drug trafficking?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI M M JACOB): (a) and (c) A Statement is laid on the Table of the House. *(Set* below)

(b) The Navy and Coast Guard have reguiari enhanced, surveillance and patrolling in the Palk Bay to check the infiltration of LTTE.

Statement

It is a clear policy of the Government of India that no Tamil militant of any group should be allowed to operate on Indian soil. Towards this end, a number of steps have been taken by both the Government of India and the State of Tamil Nadu.

The State Government of Tamil Nadu have taken stringent measures to check the activities of LTTE mill tants in the State. The security agencies have effected seizures of arms and ammunitions, electronic detonators, gelatine sticks etc. A number of Sri Lankan nationals and Indians were also arrested in connection with these seizures. The Central Government has also extended assistance to the State Government by sharing, information at its disposal about the activities of Tamil militants.

The Central Government have allotted sophisticated weapons to the State Police and provided training to the selected personnel of the State Police regarding the use of these weapons. Additional battalions of para-military forces were also made available to the State Government.

कच्चे तेल का उत्पादन

*16. श्री रणजीत सिंह :
सरदार अगजीत सिंह अरोड़ा

क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1990--91 के दौरान देश में कच्चे तेल के उत्पादन का क्या लक्ष्य रखा गया था और वास्तव में कितना उत्पादन हुआ ;

(ख) 1991--92 में कच्चे तेल के उत्पादन के लिए क्या लक्ष्य निर्धारित किया गया हैं और क्या यह लक्ष्य प्राप्त हो जाने की संभावना है ; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं और देश की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कितना कच्चा तेल आयात किये जाने का प्रस्ताव है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी. शंकरानन्द) : (क) वर्ष 1990--91 के लिए निर्धारित 35.9 मिलियन टन के लक्ष्य की तुलना में 33 मिलियन टन कच्चे तेल का उत्पादन हुआ ।

(ख) और (ग) मिलियन टन एन० जी०एल० सहित 35.06 मिलियन टन कच्चे तेल का उत्पादन का अनुमान लगाया गया था । परन्तु, विभिन्न कारणों से, इसकी लक्ष्य प्राप्ति की संभावना नहीं है। इस समय, वर्ष 1991--92 के दौरान 20.3 मिलियन टन कच्चे तेल के आयात के लिए स्वीकृति दी गई है ।

पंजाब, कश्मीर तथा असम में अपहरण की घटनाओं को रोकने संबंधी राष्ट्रीय नीति

*17. डा० रत्नाकर पाण्डेय : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार पंजाब, कश्मीर तथा असम में उग्रवादियों द्वारा अपहरण की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए एक राष्ट्रीय नीति तैयार करने के किसी सुझाव पर विचार कर रही है ; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० एम० जैकब) : (क) और (ख) जी हां, श्रीमन्, लेकिन मामला अभी विचाराधीन है ।

Development of Social Forestry in Andhra Pradesh

*18. DR. NARREDDY THULASI REDDY: Will the Minister of ENVIRONMENT AND FORESTS be pleased to state:

(a) whether Government of Andhra Pradesh has submitted a p: